उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड

होम्योपैथी भवन

2, नबीउल्लाह मार्ग, लखनऊ-226018

मो0नं0 : 7607355882

ई–मेल–registrar@hmbup.in

पत्रांक–1664/एच0एम0बी0/2025 दिनांक 20/01/2025

सेवा में,

प्राचार्य/प्रबन्धक,

समस्त डी0एच0पी0 कालेज

(शैक्षणिक सत्र 2024-26)

अनुस्मारक-पत्र/द्वारा- बोर्ड वेबसाइट

विषयः- भेषजिक डी0एच0पी0 सत्र 2024-26 के पाठ्यक्रम के संचालन के अन्तर्गत अध्ययनरत छात्रों का विवरण पोर्टल पर अपलोड कराये तथा नामांकन पोर्टल खोले जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, बोर्ड कार्यालय के पत्र संख्या-701/एच0एम0बी0/2024, दिनांक 08.08.2024 तथा संख्या-143/एच0एम0बी0/2024, दिनांक 03.12.2024 द्वारा कालेज प्रोफाइल अपडेट करने व सम्बन्धित जनपद के डी0एच0ओ0 लॉगिन के माध्यम से उक्त का सत्यापन करने के उपरान्त ही छात्रों के नामांकन हेतु पोर्टल खोले जाने का निर्देश दिया गया था। दिनांक 20.01.2025 को कालेज प्रोफाइल अपडेशन एवं डी0एच0ओ0 लॉगिन से सत्यापन कार्य की समीक्षा की गयी, जिसके अनुसार अद्यतन 64 कालेजों द्वारा ही अपनी प्रोफाइल अपडेशन व डी0एच0ओ0 लॉगिन से उक्त का सत्यापन कार्य पूर्ण किया गया है, जिस पर नियंत्रक महोदय द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गयी है तथा डी0एच0ओ0 लॉगिन से सत्यापन कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान करते हुए पूर्ण कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

इसी क्रम में अवगत कराना है कि बोर्ड कार्यालय के पत्र संख्या-1226/एच0एम0बी0/2024, दिनांक 23.12.2024 के द्वारा भेषजिक डी0एच0पी0 सत्र 2024-26 के पाठ्यक्रम के संचालन के अन्तर्गत अध्ययनरत छात्रों का विवरण पोर्टल पर अपलोड करने तथा नामांकन शुल्क जमा करने हेतु पोर्टल खोला गया था, परन्तु कतिपय संस्थाओं द्वारा विभिन्न पत्रों के माध्यम से अवगत कराया गया है कि उनके छात्रों का विवरण पोर्टल पर अपलोड नही हो सका है, साथ ही नामांकन शुल्क भी जमा नही हो पायी है तथा तिथि बढ़ाये जाने का अनुरोध किया गया है।

छात्रहित के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त नियंत्रक महोदय के निर्देश के क्रम में उपरोक्त उल्लिखित डी0एच0पी0 कालेजों का सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष 2024-25 में अध्ययनरत छात्रों का विवरण वेबसाइट के एकेडमिक पोर्टल पर अपडेट किये जाने की तिथि बढ़ाते हुए नामांकन पोर्टल दिनांक 21.01.2025 से 31.01.2025 तक अन्तिम रूप खोला जा रहा है।

अतः सम्बन्धित डी0एच0पी0 कालेजों के प्राचार्य/प्रबन्धक से अनुरोध है कि वह सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष 2024-25 में उनके कालेजों में अध्ययनरत छात्रों का विवरण दिनांक 31.01.2025 तक वेबसाइट *www.hmbup.in* के एकेडमिक पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करते हुए नामांकन शुल्क जमा कराया जाना सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

उपरोक्त निर्धारित तिथि के बाद छात्रों का विवरण अपलोड करने एवं नामांकन शुल्क जमा करने की तिथि किसी भी दशा में बढ़ायी नही जायेगी। यदि किसी भी संस्था द्वारा निर्धारित समय तक छात्रों का विवरण पोर्टल पर अपलोड करते हुए नामांकन शुल्क नही जमा किया जाता है तो जिसका सम्पूर्ण उत्तरादायित्व सम्बन्धित संस्था के प्राचार्य/प्रबन्धक का होगा। प्रकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण व समयबद्ध है।

भवदीय,

२०/०१/२०२५

(विनय कुमार त्रिपाठी)
रजिस्ट्रार

<u>प्रतिलिपि को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।</u>

1. महानिदेशक, आयुष, इन्दिरा भवन, उ0प्र0 लखनऊ।
2. नियंत्रक, उ0प्र0 होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, उ0प्र0 लखनऊ।
3. प्रबन्धक, यू0पी0 डेस्को (ओमनी-नेट) से अनुरोध है कि उपरोक्त सूची में उल्लिखित सम्बन्धित कालेजों का सत्र 2024-26 के प्रथम वर्ष 2024-25 इन्रोलमेंट पोर्टल दिनांक दिनांक 21.01.2025 से 31.01.2025 तक खोलने का का कष्ट करें।
4. गार्ड फाइल।

(विनय कुमार त्रिपाठी)
रजिस्ट्रार